उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कार्पोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ।

संख्याः 200–पारे0अनु0–04/पाट्राकालि–2022–20/2009 टी0सी0–III दिनाकः ~~मार्च~~ 05 अप्रैल, 2022

समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर–I/II),
उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0,
मेरठ/आगरा/झाँसी/प्रयागराज/गोरखपुर/लखनऊ।

विषयः **संघ के वार्षिक अधिवेशन–2022/केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक/चुनाव हेतु विशेष आकस्मिक अवकाश की स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

महोदय,

मुझे यह अवगत कराने का निदेश हुआ है कि विद्युत परिषद आशुलेखक संघ, उ0प्र0 के केन्द्रीय महामंत्री, ने यह सूचित किया है कि संघ का वार्षिक अधिवेशन–2022 आगामी दिनांक 07 अप्रैल, 2022, गुरूवार को कस्तूरबा सभागार, गांधी भवन, कैसरबाग, लखनऊ तथा केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक/चुनाव आगामी दिनांक 08 अप्रैल, 2022, शुक्रवार को 6–नवीन मार्केट, कैसरबाग, लखनऊ में आयोजित होगा। उन्होंने अनुरोध किया है कि संघ के उपरोक्त कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आगामी दिनांक 07 व 08 अप्रैल, 2022 को उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं उसके अधीनस्थ विभिन्न पारेषण कार्यालयों में तैनात आशुलेखक (शिविर सहायक)/संघ के सदस्यों को "विशेष आकस्मिक अवकाश" प्रदान कर दिया जाए।

संघ के उपरोक्त आग्रह के संदर्भ में मुझे यह अवगत कराना है कि पूर्ववर्ती परिषद् के आदेश संख्या–3488बी/एसईबी/एस–17(8एच)/78 दिनॉक 05.12.1983 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत संघ के साधारण सदस्यों को मात्र दिनांक 07.04.2022 एवं कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्यों को दिनांक 07.04.2022 एवं 08.04.2022 दो दिन का **"विशेष आकस्मिक अवकाश"** उन्हें आवंटित कार्यों की आवश्यकता एवं आकस्मिकता को दृष्टिगत रखते हुए सम्बन्धित नियंत्रक अधिकारी द्वारा (प्रारूप आवेदन–पत्र पर) स्वीकृत किया जायेगा।

अतः मुझे आपसे यह अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि सम्बन्धित नियंत्रक अधिकारी संगठन के सदस्यों, जो उक्त अधिवेशन में सम्मिलित होना चाहें, को उनके व्यक्तिगत प्रार्थना पत्र पर "विशेष आकस्मिक अवकाश" पूर्ववर्ती परिषद् के आदेश संख्या–3488बी/एसईबी/एस–17(8एच)/78 दिनॉक 05.12.1983 एवं कार्यालय ज्ञाप संख्या–5948(औ0सं0)–17/पाकालि/03–188ए0एस0/96 दिनॉक 31.12.2003 सपठित कार्यालय ज्ञाप संख्या–5820 (औ0सं0)–17/पाकालि/03–188ए0एस0/96 दिनॉक 04.12.2004 में निर्धारित प्रकिया के अनुसार स्वीकृत करने तथा उन कार्मिकों की पदवार सूची, जिन्हें उक्त अवकाश स्वीकृत किया जायेगा, कारपोरेशन मुख्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अनिल पाठक)
उप सचिव (पारेषण–III)

संख्याः 200 (i)–पारे0अनु0–16/पाट्राकालि/2021 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त निदेशकगण, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन/शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ के निजी सचिव।
2. महाप्रबन्धक (औ0सं0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
3. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0।
4. समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0।
5. अधिशासी अभियन्ता सम्बद्ध निदेशक (आपरेशन), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को कारपोरेशन की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. केन्द्रीय महामंत्री, विद्युत परिषद आशुलेखक संघ, उ0प्र0 को उनके पत्र संख्या–12/वि0प0आ0संघ/वार्षिक अधि0–2022, दिनांक 21.03.2022 के संदर्भ में।

(अनिल पाठक)
उप सचिव (पारेषण–III)